नगर निगम, शाहजहॉपुर।

ग्रीन शाहजहाँपुर
क्लीन शाहजहाँपुर

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
स्वच्छ शाहजहाँपुर
सुन्दर शाहजहाँपुर

## प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 25.11.2020

- **उच्चाधिकारियो के निर्देश के कम मे कोरोना कोविड–19 के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय द्वारा दिनांक 24.11.2020 को रात्रि में अजीजगंज स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण कर किया गया अल्प विश्राम।**

1– उच्चाधिकारियो के निर्देश के कम मे कोरोना कोविड–19 के दृष्टिगत नगर आयुक्त महोदय द्वारा दिनांक 24.11.2020 को रात्रि में अजीजगंज स्थित रैन बसेरा का निरीक्षण कर अल्प विश्राम किया गया। निरीक्षण के समय नगर आयुक्त महोदय ने रैन बसेरा में पेयजल व्यवस्था, साफ–सफाई एवं प्रकाश व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया। जिसमें निराश्रित व्यक्तियो की सुविधा हेतु रैन बसेरा में शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं साफ–सफाई, सेनेटाइजेंशन, फागिंग तथा कीट नाशक दवा छिड़काव का कार्य नियमित रूप से कराये जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। इसके साथ ही पर रैन बसेरा में उपस्थित लोगो से फेस मास्क,समय–समय से हाथ धोने व सेनेटाइजर के उपयोग करने की अपील की तथा रैन बसेरा में आने वाले व्यक्तियो का नियमित रूप से थर्मल स्क्रीनिंग एवं पल्स ऑक्सीमीटर से चेक करने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर नगर आयुक्त महोदय श्री संतोष कुमार शर्मा के साथ उप नगर आयुक्त श्री आशुतोष कुमार दुबे, सहायक नगर आयुक्त श्री अंगद गुप्ता एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

उप नगर आयुक्त
नगर निगम,शाहजहॉपुर